संख्या– 1720/तीस–3–10–75बी/2000टीसी

प्रेषक,

शिवानन्द ओझा

विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

परिवहन अनुभाग–3 लखनऊः दिनांक 22 जुलाई, 2010

विषयः–वर्ष 2010–11 में परिवहन विभाग के कम्प्यूटरीकरण योजना के अन्तर्गत (सारथी इम्प्लीमेंटेशन हेतु) वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या–51ए/2010–अस्थाई लेखा/09 दिनांक 13मई, 2010 का संदर्भ ग्रहण करें जिसके द्वारा 18 साइट हेतु 18 कलर लेजर प्रिन्टर, 18 यूपीएस (2 केवी) एक लैन आइटम एण्ड केबलिंग तथा 18 जिलों हेतु 49 डेस्कटाप क्लाइन्ट व 49 ओरेकल लाईसेन्स हेतु वित्तीय स्वीकृति निर्गत करने का अनुरोध किया गया है।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2010 के आयोजनागत पक्ष में कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय के मद में प्रावधानित धनराशि रू0 140346000.00 के सापेक्ष निम्नलिखित मदों के सम्मुख अंकित धनराशि रू0. 43,66,000/– (रूपये तैतालिस लाख छाछठ हजार मात्र) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः–

क्रम सं0	मद	संख्या	प्रति इकाई दर	कुल धनराशि
1.	डेस्कटॉप क्लाइन्ट	49	25,000	12,25,000
2.	लेजर प्रिन्टर (कलर)	18	50,000	9,00,000
3.	यूपीएस (2 केवीए)	18	70,000	12,60,000
4.	लैन आइटम एण्ड केबलिंग	18	30,000	5,40,000
5.	ओरेकल (लाइसेंस)	49	9,000	4,41,000
			कुल योग	**43,66,000**

3– उक्त स्वीकृति इस प्रतिबन्ध के अधीन प्रदान की जाती है कि धनराशि का व्यय कम्प्यूटर आदि का क्रय आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग के शासनादेशों/क्रय नियमों/वित्तीय नियमों/प्रक्रियाओं का अनुपालन करते हुए किया जाएगा। उक्त धनराशि का व्यय उसी मद में किया जायगा, जिसके लिए स्वीकृति दी गयी है तथा अवशेष धनराशि समर्पित की जायेगी।

4– उपरोक्त के सम्बन्ध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2010–11 के आय–व्ययक के अनुदान सं0–43 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक–3055–सड़क परिवहन आयोजनागत–001–निदेशन तथा प्रशासन 01–अधिष्ठान व्यय–46–कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय के नामे डाला जाएगा।

[illegible]

[illegible]

[illegible]